KHM HIGHER SECONDARY SCHOOL VALAKKULAM

SELF EVALUATION - JAN 2021

HINDI

STD:X **Time: 45 Minutes.** **Max.Marks : 20**

सूचना : *बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढ़े और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।*
“बेटा, स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी ।” लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उससे भी जमीन पर छिड़क दिया ” । बेला बोली। “बादल को देखकर घडे को नहीं दुलाना चाहिए ।” दुकान वाले भैया ने कहा और पूछा “कौन सी में पढ़ते हो ?”

1, बेला और साहिल दुकान क्यों पहुंचे ? (1)
(क) कलम खरीदने।
(ख) लंगड़ी टांग खेलने।
(ग) बीरबहूटीयों को खोजने
(घ) पेन में स्याही भरवाने।

2, पैन में स्याही भरने के संबंध में बेला और दुकानदार के बीच वार्तालाप तैयार करें। (4)

अथवा

कहानी के अंश को पटकथा तैयार करें।

सूचना: आई एम कलाम के बहाने फिल्मी लेख का यह अंश पढ़े और अनुबंध प्रश्नों के उत्तर लिखें।
मोरपाल ने मेरे टिफिन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। वह हमारे स्कूल से 15 किलोमीटर दूर के किसी गांव से साइकिल चलाता रोज़ आता था। मैं आज तक जान नहीं पाया कि कैसे वह उस छाछ के डिब्बे को रोज़ 15 किलोमीटर बिना ज़रा भी छलकाए लिए आता था।

3, मोरपाल ने मेरे टिफिन बॉक्स में रखें गए राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। इस अनुभव के आधार पर मोरपाल की डायरी तैयार करें। (4)

अथवा

आपके स्कूल में आई एम कलाम के बहाने नामक का फिल्म का प्रदर्शन होने वाला है। फिल्म प्रदर्शन के लिए पोस्टर तैयार करें।

सूचना: टूटा पहिया कविता का यह अंश पढ़े और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें।
अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बडे - बडे महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को

अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें।
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूं!

4, युद्ध में निरायुद्ध अभिमन्यु को अचानक किसकी सहायता मिली ? (1)
(क) पांडवों की सहायता
(ख) एक टूटे पहिया की सहायता
(ग) अर्जुन की सहायता
(घर) ब्रह्मास्त्रों की सहायता

5, *नीचे दिए आशयवाली पंक्तियां कवितांश से चुनकर लिखें।*   (2)
महाभारत युद्ध में वीर योद्धा अपने पक्ष को असत्य को जानते हुए भी अधर्म के पक्ष में लड़ने के लिए बांध्य हो गए ।

6, टूटा पहिया इस शब्द में ‘ टूटा ’ शब्द ……….. है ? (1)
(कई) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घर) क्रिया

सूचना : ‘ सबसे बड़ा शो मैन ’ जीवनी का अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।
लोगों ने मां से हाथ मिलकर इसके छोटे बच्चे की तारीफ की । चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और मां आखिरी बार …… दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था । उसने जन्म ले लिया था।
7, चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और मां आखरी बार ……… । क्यों ?   (2)
8, ***सही मिलान करें।***   (4)
चार्ली ने   -   मां से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चों की तारीफ की।
मां   - कुछ दोस्तों के सामने चार्ली को अभीनय करते हुए देखा
मैनेजर ने   - की आवाज़ सुनकर लोग म्याऊं म्याऊं की आवाज़ निकालने लगे
लोगों ने   -   जनता में गुदगुदी फैला दी

‘ हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ’ पाठ के आधार पर यह प्रश्न का उत्तर लिखें।
लेखक के अनुसार जानना शब्द का मतलब है   (1)
9, (क) नाम को जानना
(ख) जाति को जानना
(ग) हताशा को जानना
(घ) वर्ग को जानना